यूटीयू व यूकास्ट के बीच एमओयू

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) एवं उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट) के बीच एमओयू साइन हुआ है। इसके तहत दोनों संस्थान विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में मिलकर कार्य करेंगे।

मंगलवार को यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह और यूकॉस्ट महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत की उपस्थिति में कुलसचिव प्रो. सत्येन्द्र सिंह व यूकास्ट के पीआरओ अमित पोखरियाल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत यूटीयू व यूकॉस्ट अपने समान हितों और उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए एकजुटता के साथ अपने संबंधित संस्थानों में संचार चैनलों को स्थापित करेंगे। वहीं यूकॉस्ट संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। यूटीयू इसमें प्रौद्योगिक भागीदार होगा। यूटीयू उद्यमिता को विकसित करने के लिए यूकॉस्ट में प्रौद्योगिकियों की पायलट सुविधा स्थापित करेगा। इन गतिविधियों के लिए यूकॉस्ट और यूटीयू से नोडल वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीविद् नामित किए जाएंगे। इस मौके पर वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, डा.संजय सिंह व वाडिया के पूर्व रजिस्ट्रार दिनेश चन्द्र आदि मौजूद थे।

एमओय साइन करते यूटीयू व यूकास्ट के पदाधिकरी।

■ दोनों संस्थान विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में मिलकर करेंगे कार्य